# कैबिनेट मंत्री ने किया अटल प्रतिमा का अनावरण

## अटल सरकार में भारत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित हुआ: खन्ना

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर निगम द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति में बरेली मोड़ स्थित आवास विकास पार्क में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा स्थापित की गई।

जिसका अनावरण मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना कैबिनेट मंत्री द्वारा किया गया। स्वच्छता में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई भारत के 3 बार प्रधानमंत्री बने। इन्होंने अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र अटल सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पॉच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित कर दिया। इसके अतिरिक्त मंत्री ने नगर वासियों से अपील की कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले। जिससे अपने शहर को प्रथम स्थान मिल सके। नगर आयुक्त ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने 19 फरवरी 1999 को सदा ए सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू की गई। अटल बिहारी बाजपेयी राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक कवि थे। स्वर्णिम चर्तुभुज परियोजना भारत भर के चारों कोनो को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिये की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई द्वारा की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा



कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगों से अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में अपनी पूरी सहभागिता करें, जिससे अपने शहर को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो सके। सांसद अरूण कुमार सागर, जिला पंचायत अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, अपर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, एवं अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल), मुख्य अभियन्ता (सिविल) दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम अवर अभियन्ता विक्रमाजीत यादव एवं जिलाध्यक्ष हरि प्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव उपस्थित रहे।